वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून
(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN

(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)

Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)

Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांकः: 3755 /VMSBUTU/2025 **तत्काल/ महत्वपूर्ण** दिनांकः 06.फरवरी.2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान,
वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून, उत्तराखण्ड।

विषयः— **सम सेमेस्टर 2024—25 के शैक्षणिक कार्यो के संबंध में।**

महोदय,

विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर—2024—25 के पंजीकरण के उपरान्त कक्षाओं का प्रारम्भ हो चुका है एवं आशा है कि आपकी संस्था में भी समस्त पाठ्यकम के कक्षायें सुचारू रूप से संचालित हो रही होगी।

विगत में आपके सहयोग से विश्वविद्यालय की समस्त शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से सम्पादित की जा रही है एवं भविष्य में भी अध्ययन—अध्यापन की गुणवत्ता संवर्धन को शीघ्र प्राथमिकता देते हुए शैक्षणिक कार्यकमों को विश्वविद्यालय द्वारा समय—समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप की जायेंगी। इस कम में आपसे अपेक्षा है कि कृपया अपनी संस्था में अध्ययनरत समस्त छात्रों के अध्यापन विषयक समय—सारणी व उपस्थिति आदि का विवरण विश्वविद्यालय के University Management System पर आवश्यक रूप से समयान्तर्गत अपलोड करना सुनिश्चित करें। यह भी सूच्य है कि UMS पोर्टल को एण्ड्राएड मोबाइल ऐप के माध्यम से मोबाइल से भी उपयोग किये जाने की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है जिसे Google Play Store से Download कर उपयोग करने हेतु समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्रों को अवगत कराने का कष्ट करें।

यह भी अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा अपने 21 वें स्थापना दिवस 27, जनवरी, 2025 को औद्योगिक प्रतिष्ठानों/संस्थानों/संगठनों /जन साधारण द्वारा तकनीकी समस्याओं को विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करते हुए उसका समाधान विश्वविद्यालय के सम्बद्ध एवं परिसर संस्थानों के शिक्षकों एवं छात्रों के माध्यम से प्राप्त करने हेतु UTU-SAMADHAN (यू0टी0यू0 समाधान) के पोर्टल प्रारम्भ किया जा चुका है, जिसके समुचित उपयोग के लिये अपने स्तर से वांछित प्रचार—प्रसार करने का कष्ट करें, ताकि वास्तविक तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु संस्थानों के शिक्षकों/छात्रों को सम्मिलित कर अपेक्षित समाधान किये जाने की कार्यवाही सम्पन्न हो सके। यह UTU-SAMADHAN पोर्टल विश्वविद्यालय बेवासाइट पर उपलब्ध है जिसे संबंधितों द्वारा पंजीकरण के उपरान्त उपयोग में लाया जा सकता है।

उक्त के साथ—साथ विगत में समय—समय पर छात्रों की कक्षाओं में समुचित उपस्थिति सुनिश्चित करने बावत दिये गये निर्देशों के आलोक में आपसे पुनः अनुरोध है कि अपनी संस्था में अध्ययनरत समस्त छात्रों को कक्षाओं में समुचित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं इसकी अपने स्तर से UMS पर उपलब्ध आंकड़ों के माध्यम से निगरानी करने तथा छात्रों के अभिभावकों को भी Student Attendance Tab का इस्तेमाल कर अपने पाल्यों की शैक्षणिक गतिविधियों की समुचित निगरानी रखने बावत यथा आवश्यक कार्यवाही अपने स्तर से करने का कष्ट करें ताकि छात्रों को Semester परीक्षाओं में यथा प्रभावी Ordinance के अनुसार निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति न होने के कारण परीक्षाओं से वंचित ना रहना पड़े। इसके कड़ाई से अनुपालन हेतु कृपया सेमेस्टर के मध्य होने वाले Class Test में किसी छात्र को सम्मिलित करने से पूर्व अपने स्तर से यह भी सुनिश्चित कर ले कि तद्समय तक संबंधित छात्र Ordinance द्वारा निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति धारित करता हो, ऐसा करने से छात्रों के मध्य कक्षाओं में उपस्थिति के प्रति संवेदनशीलता पैदा होने के साथ—साथ शैक्षणिक अनुशासन व उनके Learning Outcomes में समुचित सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

उक्त के साथ—साथ मुझे यह भी कहने का निर्देश हुआ है कि कृपया अध्यापन की गुणवत्ता उन्नयन हेतु अपने स्तर से समस्त शिक्षकों को अध्यापन में Case Studies, Real Life Problems, Experiential Learning तथा Project Based Learning का समावेश करने के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित करें एवं इस हेतु शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से समय—समय पर किय जा रहे Faculty Development Program में प्रतिभाग करने के लिये भी प्रोत्साहित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

संख्या व दिनांक तदैवः—

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव/वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को सूचनार्थ।
3. वेबमास्टर, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें एवं समस्त सम्बद्ध व परिसर संस्थाओं को प्रेषित करें।
4. गार्ड फाइल।

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक